मानसून की शीध्रता को देखते हुए आयुक्त ध्रुव ने ली अधिकारियो की बैठक

भिलाईनगर। आगामी कुछ दिनो में मानसून के आगमन को देखते हुए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुन ने नगर निगम भिलाई एवं भिलाई स्टील प्लांट के अधिकारियो को दिये निर्देश जिसमे प्रमुख रूप से अपर आयुक्त, सर्व अधीक्षण अभियंता, सर्व जोन आयुक्त, बीएसपी से के के यादव , स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन अभियंता, भवन अधिकारी, सर्व जोन स्वास्थ्य अधिकारी, जनसम्पर्क अधिकारी आदि को बारीश से पूर्व कार्य योजना के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में जितने भी पुराने होर्डिग लगे है उन सभी को चेक किया जावे, कोई कमजोर, सड़ा गला होर्डिग हो उसे हटाया जाये। नालियो एवं नाली के सफाई में शीध्रता लाया जाये। जलजनित बिमारी जैसे- डायरिया, मलेरिया, डेंगू इत्यादि से बचने के लिए घर-घर जाकर दवाई का वितरण करना, घरो को चेक करना, प्रत्येक जोन में विशेष दल गठित कर रखना जो आवश्यकता पड़ने पर मुस्तैद रहे। नगर निगम भिलाई में कंट्रोल रूम सुचारू रूप से संचालित हो, तीनो सिफ्ट में कर्मचारी बैठे लोगो की समस्याओ को नोट करके संबंधित अधिकारी कर्मचारी को बताये। स्वास्थ्य विभाग का दल नालियो में या अन्य किसी स्थल पर पाईप से पानी का लिकेज हो रहा हो तो उसे बताये, उसका संधारण कार्य निगम का जल विभाग त्वरित रूप से करे। सभी जोन से पानी का सं ेपल लिये जाये, उनकी जा ॅच की जाये कि पर्याप्त मात्रा में गुणवत्ता है की नहीं। उसी के साथ बहुत से घरो में प्राइवेट एजेंसी से आर.ओ. का पानी लिया जाता है। उन्हे भी चेक करे वह भी मानक के अनुकुल है कि नहीं। इसके संबंध में आम नागरिको, जनप्रतिनिधियो, सामाजिक कार्यकर्ताओ, व्यापारियो से भी अपील की गई है कि सब लोग नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारियो का सहयोग करे।